तुम्हे पुकारे शीश के दानी

तुम्हे पुकारे शीश के दानी-२, सुनलो मेरी पुकार
सांवरिया आ जाओ एक बार
कन्हैया आ जाओ एक बार

खाटू में है वास तुम्हारा
हारे का बस तू ही सहारा
अब तो हमको दे दो दर्शन-२, करदो बेड़ा पार
सांवरिया आ जाओ....

लाखो की तूने बिगड़ी बनाई
मेरी बारी क्यों नही आई
अब तो आओ मेरे मोहन-2, करदो नैया पार
सांवरिया आ जाओ....

"गोपाल" तेरी शरण मे आया
अपनो ने भी मुझे ठुकराया
अब तो थामो मेरी कलाई-2, जग के पालनहार
सांवरिया आ जाओ....

गोपाल गोयल (9811845745)

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15407/title/tumhe-pukare-sheesh-ke-daani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |